**Note # 1**

**मुख्य विकास अधिकारी महोदय/जिलाधिकारी महोदय,**

शासनादेश संख्या- 33 / 2026 / 1553 / छिहत्तर-1-2026 (CN2027542), दिनांक 21.07.2026 के क्रम में अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 26 सितम्बर, 2026 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सम्पादित कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा के सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आहूत की गयी।

बैठक में दिये गये निर्देश के क्रम में कार्यवृत्त तैयार कर दायीं तरफ विचारार्थ प्रस्तुत है। कृपया सहमति की दशा में हस्ताक्षर करना चाहें।

अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)

**03/10/2026 03:38 pm**

**Tauseef Ahmad**
**EXECUTIVE ENGINEER**
Digitally Signed

---

**Note # 2**

**04/10/2026 08:13 pm**

**Ram Mohan Meena**
**CHIEF DEVELOPMENT OFFICER**
Digitally Signed

---

**Note # 3**

**06/10/2026 09:07 pm**

**ABHISHEK PANDEY**
**DISTRICT MAGISTRATE PRA**
Digitally Signed

---

**Note # 4**

07/10/2026 02:54 pm

Ram Mohan Meena
CHIEF DEVELOPMENT OFFICER

**अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 26 सितम्बर, 2026 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सम्पादित कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा के सम्बन्ध में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक– 26.09.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति (DWSM) की बैठक जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे –

| क्र0सं0 | अधिकारी/कर्मचारी का नाम | पदनाम | विभाग का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ राम मोहन मीणा | मुख्य विकास अधिकारी/सदस्य | प्रशासनिक विभाग |
| 2 | श्री तौसीफ अहमद | अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) |
| 3 | श्री श्रीकान्त दर्वे | जिला पंचायत राज अधिकारी | पंचायती राज विभाग |
| 4 | श्री रूपेश कुमार | अधिशासी अभियन्ता | विद्युत विभाग–लालगंज |
| 5 | श्रीमती सविता यादव | जिला सूचना अधिकारी | जिला सूचना एवं प्रसारण विभाग |
| 6 | श्री अशोक कुमार | जिला कृषि अधिकारी | कृषि विभाग |
| 7 | श्री अंकित श्रीवास्तव | सहायक अभियन्ता | वि0/यां0 खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज |
| 8 | श्री विक्रमाजीत | सहायक अभियन्ता | लघु सिंचाई विभाग |
| 9 | श्री मो0 परवेज | सहायक अभियन्ता | सिंचाई विभाग |
| 10 | श्री राजीव कुमार मौर्या | सहायक पंचायत अधिकारी (तकनीकी) | पंचायती राज विभाग |
| 11 | श्री विजय प्रताप | जिला समन्वयक | जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई |
| 12 | श्री नीरज कुमार झा | डी0पी0एम0 | मेसर्स मेधज–थर्ड पार्टी एजेन्सी |
| 13 | श्री आलोक दूबे | परियोजना प्रबन्धक | मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट लि0 |
| 14 | श्री नागाराजू सनापला | परियोजना प्रबन्धक | मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0 |
| 15 | श्री सोमेश शर्मा | परियोजना प्रबन्धक | मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट लि0 |



बैठक के दौरान JJM Dashboard पर उपलब्ध विभिन्न बिन्दुओं एवं आंकड़ों की विस्तृत एवं गहन समीक्षा की गई, जो निम्नवत् है –

**Table No.-1 : Jal Nigam Under Construction (UC) Scheme Progres**

| Schemes | Villages | < 50% Physical Progress | 51-75% Physical Progress | > 75% Physical Progress | Physically Completed Scheme | Financially Completed Scheme |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** |
| 27 | 46 | 16 | 3 | 8 | 0 | 0 |

Table No.-1 में निर्माणाधीन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 27 नग पेयजल योजनायें जल निगम के अन्तर्गत निर्माणाधीन है। जिसमें से 09 नग योजनायें फण्ड डायवर्जन तथा 07 नग योजनायें खारे पानी से प्रभावित है, शेष 11 नग योजनाओं में निर्माण कार्य प्रगति पर है।

बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि जिन 11 नग पेयजल योजनाओं में कार्य प्रगति पर है तथा जिनकी प्रगति 75 प्रतिशत से अधिक है उन्हें माह नवम्बर, 2026 तक एवं शेष 03 नग पेयजल योजनायें, माह दिसम्बर, 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**Table No.-1A : Jal Nigam Operation and Maintenance Scheme Progress**

| Total Schemes | Total Village | RWS Village Status | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Fully Functional | Partially Functional | Non Functional |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** |
| **145** | **225** | **59** | **124** | **42** |

Table No.-1A के अंतर्गत संचालन एवं अनुरक्षण (Operation & Maintenance) के अधीन संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि संचालन एवं अनुरक्षण (Operation & Maintenance) के स्वीकृत 143 कार्यों के सापेक्ष मरम्मत कार्य प्रगति पर है। विगत माह में 12 नग ग्राम Non-Functional से Partial Functional में शिफ्ट की गयी है एवं 13 नग ग्राम Partial Functional से Fully Functional में शिफ्ट की गयी है, शेष ग्रामों को Functional किये जाने का कार्य प्रगति पर है।

बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य हेतु अनुबन्धित फर्म मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा से कार्ययोजना प्राप्त करते हुए 01 माह में Non Functional ग्रामों को Partial Functional तथा 02 माह के अन्तर्गत समस्त योजनाओं/ग्रामों को Fully Functional कराना सुनिश्चित करें।

**Table No.-1B : Jal Nigam Retrofit Scheme Progress**

| Total No of Schemes | Total No of Village | No of Physically Completed Scheme | Total No of Village Physically Completed | No of Financially Completed Scheme | Total No of Village Financially Completed | No of Physicaly Not Completed /WIP Schemes | Total No of Village Not Completed /WIP | No of Financialy Not Completed /WIP Schemes | Total No of Village financialy Not Completed /WIP |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** | **10** |
| **98** | **153** | **96** | **149** | **1** | **1** | **2** | **4** | **97** | **152** |

Table No.-1B में जल निगम की रेट्रोफिट योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि 96 नग पेयजल योजनायें जो भौतिक रूप से पूर्ण है उन्हें वित्तीय रूप से 01 माह के अन्दर पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**Table No.-2 : Physical Progress Phase wise**

| S. no | Agency Name | Total Schemes | Total Villages | RWS Villages | | Work Completed | | Work In Progress | | | Villages in O&M but not RWS | OHT | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Total RWS Villages | 100%<br>90% to 99 %<br>< 90% | O&M Schemes Villages | Trial Run Schemes Villages | Schemes Villages | Direct Pumping Schemes Villages | No RWS Schemes Villages | | Required OHT | Completed OHT |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | **[JJM] JMC - Lakshmi (JV)** | 366 | 780 | 459 | 103<br>135<br>221 | 64<br>118 | 88<br>183 | 214<br>483 | 24<br>47 | 163<br>331 | 0 | **343** | **251** |
| 2 | **[JJM] Power Mech Projects Ltd** | 456 | 1020 | 630 | 233<br>166<br>231 | 171<br>324 | 50<br>107 | 235<br>593 | 36<br>74 | 170<br>394 | 0 | **452** | **381** |
| 3 | **[Jal Nigam] LC Infra Project Limited** | 145 | 225 | 183 | 59<br>1<br>123 | 145<br>225 | 0<br>0 | 0<br>0 | 0<br>0 | 0<br>0 | 0 | **0** | **0** |
| **Total** | | **967** | **2025** | **1272** | **395<br>302<br>575** | **380<br>667** | **138<br>290** | **449<br>1076** | **60<br>121** | **333<br>725** | **0** | **795** | **632** |

**<u>Table No.-2</u>** में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत Phase wise योजनाओं के प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 223 पूर्ण पेयजल योजनाओं में 114 योजनाएँ Multi Village Scheme (MVS) श्रेणी की है। उक्त 114 योजनाओं में Tail End पर नियमित जलपूर्ति, जल की गुणवत्ता एवं पर्याप्त प्रेशर की स्थिति का स्थलीय सत्यापन कराया गया, जिसमें 101 योजनाओं में Tail End तक नियमित रूप से जलापूर्ति होती हुई पाई गई, जबकि 13 योजनाओं में जलापूर्ति बाधित पाई गई। जलापूर्ति बाधित 13 योजनाओं में 07 योजनाएँ मेसर्स जे0एम0सी0 तथा 06 योजनाएँ मेसर्स पावरमेक की है।

बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रतापगढ़ एवं सम्बन्धित फर्म को निर्देशित किया गया कि –

(i)- जिन 13 योजनाओं में जलापूर्ति बाधित पायी गयी है, उन पेयजल योजनाओं में 03 दिवस के अन्दर पुनः जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

(ii)- मेसर्स जे0एम0सी0 की 88 नग पेयजल योजनायें (183 राजस्व ग्राम) तथा मेसर्स पावरमेक की 50 नग पेयजल योजनायें (107 राजस्व ग्राम) जो ट्रॉयल एण्ड रन में है, को ओ0एण्ड एम0 में ले जाने हेतु सम्बन्धित फर्म को निर्देशित किया गया कि योजनावार Weekly Plan अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को प्रस्तुत करते हुए समस्त योजनाओं को माह नवम्बर, 2026 तक ओ0एण्ड एम0 में ले जाना सुनिश्चित करें। साथ ही न्यूनतम 40 योजना (प्रत्येक फर्म 20 योजना) 01 माह के अन्तर्गत पूर्ण कराते हुए ओ0एण्ड एम0 में शिफ्ट करना सुनिश्चित करें।

(iii)- जिन पेयजल योजनाओं पर नियमित जलापूर्ति की जा रही है उन्हें अधिक क्षमता पर नियमित रूप से उचित गुणवत्ता एवं प्रेशर के साथ संचालन के निर्देश सम्बन्धित फर्म को दिये गये।

(iv)- जिन पेयजल योजनाओं में अभी तक जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं की गयी है, उन योजनाओं की कार्ययोजना अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को उपलब्ध कराते हुए यथाशीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ करने के निर्देश सम्बन्धित फर्मों को दिये गये।

(v)- बैठक में उपस्थित दोनों फर्मों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अवशेष कार्यों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किये जाने के दृष्टिगत प्रत्येक योजना पर वांछित श्रमिक/मशीनरी लगाते हुए कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। फर्म द्वारा लापरवाही किये जाने की दशा में सम्बन्धित फर्म के विरूद्ध आगामी जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिये गये।

(vi)- दोनों फर्मों को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान काटी गयी सड़कों के पुर्नस्थापना का कार्य 10 नवम्बर, 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

(vii)- जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई एवं टी0पी0आई0 यह सुनिश्चित करें कि सभी निर्माणाधीन योजनाओं में पर्याप्त संख्या में श्रमिकों की तैनाती हो तथा कार्य सुचारू रूप से संचालित हो। सभी साइटो का नियमित निरीक्षण कर श्रमिकों की उपलब्धता एवं कार्य की प्रगति की निगरानी सुनिश्चित की जाय।

**Table No.-2A : Single Village Scheme Physical Progress**

| S. N. | Type | Total Schemes | Total Villages | RWS Villages | | Work Completed | | Work In Progress | | | Financial Details (Lakh) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Certified Village | Total RWS Villages RWS(%) | 100%<br>90% to 99%<br>< 90% | O&M Schemes Villages | Trial Run Schemes Villages | Schemes Villages | Direct Pumping Schemes Villages | No RWS Schemes Villages | Estimated Cost | Expenditure |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | SINGLE VILLAGE SCHEME (JJM) | 315 | 314<br>43 | 198<br>63% | 72<br>58<br>68 | 106<br>106 | 58<br>58 | 151<br>151 | 23<br>22 | 115<br>115 | 88723.22 | 47680.8 |
| 2 | SINGLE VILLAGE SCHEME (Jal Nigam) | 103 | 103<br>81 | 81<br>79% | 21<br>1<br>59 | 103<br>103 | 0<br>0 | 0<br>0 | 0<br>0 | 0<br>0 | 0 | 0 |
| | Total | 418 | 417<br>124 | 279<br>67% | 93<br>59<br>127 | 209<br>209 | 58<br>58 | 151<br>151 | 23<br>22 | 115<br>115 | 88723.22 | 47680.8 |

**Table No.-2A** में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत एकल ग्राम पेयजल योजनाओं की भौतिक प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा सी0आर0पी0 के अन्तर्गत प्रत्येक पेयजल योजना के पूर्ण किए जाने हेतु Completion Date निर्धारित की गई है। निर्धारित समय–सीमा के अनुसार माह अक्टूबर, 2026 में मेसर्स जे0एम0सी0 की 06 नग (SVS) पेयजल योजनायें तथा मेसर्स पावरमेक की 40 नग (SVS) पेयजल योजनाओं को पूर्ण किया जाना निर्धारित है। किन्तु वर्तमान तक सम्बन्धित फर्मों द्वारा उक्त योजनाओं को पूर्ण काते हुए Final Bill एवं आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि निर्धारित Completion Date के उपरान्त सम्बन्धित योजनाओं के भुगतान की कार्यवाही किया जाना भारत सरकार द्वारा सम्भव नहीं होगा।

इस सम्बन्ध में सम्बन्धित फर्मों को निर्देशित किया गया कि –

(i) माह अक्टूबर, 2026 में पूर्ण की जानी निर्धारित समस्त एस0वी0एस0 पेयजल योजनाओं का कार्य निर्धारित Completion Date के अनुरूप पूर्ण कराते हुए Final Bill एवं समस्त आवश्यक अभिलेख दिनांक 10 अक्टूबर, 2026 तक अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि योजनाओं के भुगतान की कार्यवाही निर्धारित समय–सीमा के अन्तर्गत पूर्ण की जा सके।

(ii)- समस्त SVS पेयजल योजनाओं को भारत सरकार द्वारा निर्धारित CIRP Date के अनुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

(iii)- जिन SVS पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं है उन पर यथाशीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये।

(iv)- जिन 279 राजस्व ग्रामों में सम्बन्धित फर्मों द्वारा जलापूर्ति की जा रही है उन्हें जल अर्पण कराते हुए हर घर जल सर्टिफाईड कराये।

**Table No.-3 : RWS (Regular Water Supply Villages) disruption**

| S. N. | Agency Name | Total RWS disruption(Village) | | | | | | | O&M RWS disruption(Village) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Theft | Power Electrical Issue | Tullu Pump | Road Widening | Damage Village Internal Works | Local Repairing | Total | Theft | Power Electrical Issue | Tullu Pump | Road Widening | Damage Village Internal Works | Local Repairing | Total |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 1 | JMC - Lakshmi (JV) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | Power Mech Projects Ltd | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | LC Infra Project Limited[Jal Nigam] | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Total | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

Table No.-3 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत नियमित पेयजल आपूर्ति वाले ग्रामों में जलापूर्ति व्यवधान की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि यदि उपरोक्त कारणों से नियमित जलापूर्ति वाले ग्रामों में व्यवधान उत्पन्न होता है तो अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

**Table No.-4 : Certification/Jal Arpan/Jal Aklan/RPWSS/Road Restoration**

| S. No. | Agency Name | Villages | Certification | Jal Arpan | Jal Aklan | 100% Road Restoration Villages |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JMC - Lakshmi (JV) | 780 | 59 | 52 | 160 | 533 |
| 2 | Power Mech Projects Ltd | 1020 | 126 | 151 | 137 | 692 |
| Total | | 1800 | 185 | 203 | 297 | 1225 |

Table No.-4 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल Certification/Jal Arpan/Jal Aklan/RPWSS/Road Restoration वाले ग्रामों की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में 100 प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है एवं हर घर जल रिर्पोटेड की श्रेणी में है, उनका साप्ताहिक प्लान बनाते हुए जल अर्पण कराकर हर घर जल प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें।

**Table No.-4A : RPWSS Village Details**

| S. No. | Total No of Villages | No of Villages Where RPWSS Finalized | No of Villages Where RPWSS in Draft | No of Village RPWSS not Started | Finalized(%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2104 | 1928 | 140 | 36 | 91.63% |

Table No.-4A में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप्ड पेयजल आपूर्ति योजनाओं Sujal Gaon ID/RPWSS ID की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि शेष ग्रामों के RPWSS ID से सम्बन्धित कार्यवाही 15 दिवस के अन्दर कराना सुनिश्चित करें।

**Table No.-5 : Components Wise Physical Progress**

| Sr.No. | Components | Physical Progress | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Target | Achievement | % |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | ट्यूबवेल | 980 | 951 | 97.04 |
| 2 | पंप हाउस | 980 | 887 | 90.51 |
| 3 | क्लोरीनीकरण प्रणाली | 980 | 534 | 54.49 |
| 4 | ओवरहेड टैंक (OHT) | 795 | 792/629 | 99.62 |
| 5 | पाइपलाइन बिछाने का कार्य (कि.मी). | 14360 | 13031 | 90.75 |
| 6 | सौर ऊर्जा प्लांट | 667 | 585 | 87.71 |
| 7 | घरेलू नल कनेक्शन(FHTC) | 491841 | 471634 | 95.89 |
| 9 | सड़क मरम्मत का कार्य (KM) | 5312 | 5283 | 99.45 |
| 10 | वे गाँव जहाँ 100% सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण हो चुका है। | 1800 | 1229 | 68.28 |
| 11 | कमीशनिंग गाँव | 1800 | 610 | 33.89 |
| 12 | नियमित जल आपूर्ति | 1800 | 1089 | 60.50 |

Table No.-5 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत योजना के विभिन्न घटकों के भौतिक प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 629 शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिनमें से 490 शिरोपरि जलाशय की संयुक्त जॉच टी0पी0आई0/जूनियर इंजीनियर द्वारा की जा चुकी है। जॉच के दौरान 422 शिरोपरि जलाशय सुरक्षित (Safe) पाए गए, जबकि 52 शिरोपरि जलाशय में छिटपुट कमियॉ (Minor Deficiencies) तथा 16 शिरोपरि जलाशय में प्रमुख कमियॉ (Major Deficiencies) पाई गई है।

इस सम्बन्ध में सम्बन्धित फर्मों को निर्देश्ति किया गया कि –

(i) जिन शिरोपरि जलाशय में कमियॉ पाई गई है, उनमें आवश्यक मरम्मत/सुधार का कार्य 15 दिवस के अन्दर प्राथमिकता के आधार पर अनिवार्य रूप से पूर्ण कराते हुए अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

(ii)- जिन ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है उन्हें नियमित रूप से उचित गुणवत्ता एवं प्रेशर के साथ संचालित करने के निर्देश सम्बन्धित फर्मों को दिये गये।

(iii)- जिन ग्रामों में अभी तक जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं की गयी है उन ग्रामों की कार्य योजना बनाकर जलापूर्ति प्रारम्भ कराने के निर्देश सम्बन्धित फर्मों को दिये गये।

**Table No.-6 : Unified Command and Control System (UCCS)-Automation**

| S. No. | Agency Name | Total | | | O&M | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Scheme | Integrated | Live | Scheme | Integrated | Live |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | JMC - Lakshmi (JV) | 366 | 81 | 78 | 64 | 61 | 59 |
| 2 | Power Mech Projects Ltd | 456 | 201 | 158 | 171 | 162 | 123 |
| Total | | 822 | 282 | 236 | 235 | 223 | 182 |
| ## | Jal Nigam | 145 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Total | | 967 | 282 | 236 | 235 | 223 | 182 |

Table No.-6 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत योजना के अन्तर्गत लगाए गए Unified Command and Control System (UCCS)-Automation की समीक्षा करते हुए बैठक में उपस्थित सम्बन्धित फर्म/सहायक अभियन्ता, विद्युत यांत्रिक खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज को निर्देशित किया गया कि –

(i)- जो पेयजल योजनायें ओ0एण्ड एम0 में है किन्तु Integrated नहीं है उन्हे Integrated कराना सुनिश्चित करें।

(ii)- जो पेयजल योजनायें Integrated है किन्तु Live नहीं है, उनको Live ले जाना सुनिश्चित करें।

**Table No.-7 : Grievance Redressal System**

| S. No. | Agency Name | Total Complaint | | | O&M Complaint | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Total | Close | Pending | Total | Close | Pending |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | JMC - Lakshmi (JV) | 242 | 226 | 16 | 100 | 98 | 2 |
| 2 | Power Mech Projects Ltd | 445 | 432 | 13 | 290 | 277 | 13 |
| 3 | LC Infra Project Limited (Jal Nigam) | 150 | 144 | 06 | 6 | 5 | 1 |
| Total | | 837 | 802 | 35 | 396 | 380 | 16 |

Table No.-7 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि लम्बित 35 शिकायतों का समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

**Table No.-8 : भारत सरकार द्वारा निर्धारित, प्रदेश के Arsenic/Fluoride/JE/AES प्रभावित क्षेत्रों का विवरण**

| S. No | Description | Total Villages | Completed Villages | Work In Progress Villages | Completed(%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Fluoride | 40 | 25 | 15 | 62 |
| 2 | JE/AES | 3 | 3 | 0 | 100 |

Table No.-8 में आर्सेनिक/फ्लोराइड/जेई/एई प्रभावित ग्रामों में पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि फ्लोराइड से प्रभावित कुल 40 ग्रामों के सापेक्ष 25 ग्रामों में कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष प्रभावित 15 ग्रामों में से 07 ग्रामों (02 फण्ड डायवर्जन एवं 05 खारा पानी से प्रभावित) को छोड़कर, शेष 08 ग्रामों में पेयजल सुविधा सुनिश्चित किये जने हेतु कार्य प्रगति पर है।

बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि फ्लोराइड से प्रभावित शेष 15 ग्रामों के सापेक्ष 08 ग्राम, जिनमें कार्य प्रगति पर है, प्राथमिकता के आधार पर माह अक्टूबर, 2026 तक जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

**Table No.-9 : Water Quality**

| Water Quality Testing in HGJ Certified Villages (by FTK) | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sr. No. | District Name | No. of villages | Quarterly planned (No. of test in quarter) | Total achieved in Q1 | %age Achieved in Q1 | Achievement in Q2 | | | | |
| | | | | | | Target for Month ( August+ Sept.) | Achieved in (August+ Sept.) | %age Achieved in ( August+ Sept.) | Total achieved in Q2 | %age Achieved in Q2 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Pratapgarh | 412 | 1236 | 1218 | 34.06% | 6312 | 4712 | 74.75% | 4712 | 74.65% |

Table No.-9 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) निर्देशित किया गया कि समस्त पेयजल योजनाओं जिनमें नियमित जलापूर्ति हो रही है उनकी नियमित रूप से जल गुणवत्ता की जांच कराना सुनिश्चित करें।

**Table No.-10 : Automation Integrated Schemes**

| S. N. | District Name | Agency Name | Total Schemes | Total Subscriptions lot Hub against JJM Schemes | O&M Scheme Status | | | | | Total Integrated Scheme Status | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | O&M Schemes | Integrated with Automation Scheme | Data Verify by EE E&M Scheme | Live connected Scheme | No. of Schemes, data not received past two days | Integrated with Automation Scheme | Data Verify by EE E&M Scheme |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | Pratapgarh | JMC-Lakshmi (JV) | 366 | 265 | 64 | 61 | 12 | 59 | 2 | 81 | 12 |
| | | Power Mech Projects Ltd. | 456 | 277 | 171 | 162 | 29 | 124 | 30 | 201 | 29 |
| **Total** | | | **822** | **542** | **235** | **223** | **41** | **183** | **32** | **282** | **41** |

Table No.-10 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सभी पेयजल योजनाओं पर पानी की गुणवत्ता एवं नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा live monitoring के लिए Scada / Automation Integrated Schemes लगाए जाने के लिए फर्म/सहायक अभियन्ता, विद्युत यांत्रिक खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज को निर्देशित किया गया कि सभी ओ0एण्ड एम0 की पेयजल योजनाओं पर SCADA/Automation Integrated System कर Live Monitoring सुनिश्चित करें।

**अन्य बिन्दु –**

1– बैठक के दौरान जिन स्थानों पर भूमि अभी तक अप्राप्त है, के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी। इस सम्बन्ध में जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में अब तक 05 ग्रामों में भूमि अप्राप्त है। विवरण निम्नवत् है –

| क्र0 सं0 | तहसील का नाम | विकास खण्ड का नाम | पेयजल योजना का नाम | फर्म का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कुण्डा | कालाकांकर | करमगंज | मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0 |
| 2 | कुण्डा | विहार | खरगीपुर | मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0 |
| 3 | लालगंज | लालगंज | सलेम भदरी | मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0 |
| 4 | लालगंज | लालगंज | पड़री | मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0 |
| 5 | लालगंज | लक्ष्मणपुर | हदिराही | मेसर्स कल्पतरू प्रोजेक्ट इण्टरनेशनल लि0 |

बैठक के दौरान जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, प्रतापगढ़ को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से व्यक्तिगत सम्पर्क कर 15 दिवस के अन्दर वांछित भूमि प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

2– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि शासनादेश सं0–36/2026/1541/ छिहत्तर–1–2026– (2069633) दिनांक 21 जुलाई, 2026 के क्रम में कार्यालय जिलाधिकारी महोदय, प्रतापगढ़ के पत्रांक– 3152/एम–9/28 दिनांक– 03.08.2026 द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में 'निर्णय मैट्रिक्स' से आच्छादित पेयजल योजनाओं की सूची उपलब्ध कराये जाने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक– 3386/डब्ल्यू–49/614 दिनांक– 14.08.2026, 4259/डब्ल्यू–49/676 दिनांक– 17.09.2026 एवं 4331/डब्ल्यू–49/689 दिनांक– 21.09.2026 द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज से अनुरोध किया गया है, जिसके क्रम में उनके पत्रांक संख्या– 1937/जेजेएम प्रतापगढ़/504 दिनांक– 22.09.2026 द्वारा 'निर्णय मैट्रिक्स' से आच्छादित 352 योजनाओं की सूची उपलब्ध करायी गयी है, जिसका विवरण निम्नानुसार है –

| निर्णय मैट्रिक्स | प्रभावित योजनाओं की संख्या |
|---|---|
| तीन बार नलकूप ड्रिलिंग प्रयास तकनीकी दृष्टि से असफल | 54 |
| जलधारिता अपर्याप्त | 277 |
| उच्च TDS/फ्लोराइड/आर्सेनिक/नाइट्रेट | 21 (फ्लोराइड) |
| ओवर–एक्सप्लॉइटेड/क्रिटिकल भूजल ब्लॉक, कठोर शैल क्षेत्र | 0 |
| पुनर्भरण की पर्याप्त सम्भावना | 0 |
| **कुल** | **352** |

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उपरोक्त योजनाओं के संदर्भ में वांछित डाटा यथा सम्बन्धित ग्राम की जनसंख्या, क्षेत्रफल, रेनफॉल डाटा इत्यादि का विवरण सम्बन्धित विभाग से प्राप्त करते हुए संयुक्त निरीक्षण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है, जिसे एक माह में पूर्ण कर लिया जायेगा।

बैठक के दौरान इस तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए कि संयुक्त निरीक्षण समिति में सम्बन्धित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी भी सदस्य है, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) प्रतापगढ़ को निर्देशित किया गया कि उक्त के संदर्भ में जिला पंचायत राज अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावित ग्रामों की संयुक्त निरीक्षण आख्या एवं विस्तृत रिपोर्ट निर्णय मैट्रिक्स के अनुसार डी0डब्ल्यू0एस0एम0 की आगामी बैठक में समिति के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

Digitally signed by
TAUSEEF AHMAD
Date: 03-10-2026
15:38:24

**अधिशासी अभियन्ता / सदस्य सचिव**
**उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) /**
**डी0डब्ल्यू0एस0एम0,**
**प्रतापगढ़।**

**मुख्य विकास अधिकारी / सदस्य**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**प्रतापगढ़।**

**जिलाधिकारी / अध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**प्रतापगढ़।**

# कार्यालय जिलाधिकारी, प्रतापगढ़।

पत्रांक : / / दिनांक :

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4– मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
5– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
6– अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, प्रतापगढ़।
7– जिला विकास अधिकारी, प्रतापगढ़।
8– प्रभागीय वनाधिकारी, प्रतापगढ़।
9– जिला मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रतापगढ़।
10– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रतापगढ़।
11– अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, सिंचाई विभाग, प्रतापगढ़।
12– अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, प्रतापगढ़।
13– जिला कृषि अधिकारी, प्रतापगढ़।
14– हाइड्रोलॉजिस्ट, भूगर्भ जल विभाग, प्रतापगढ़।
15– जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, प्रतापगढ़।
16– जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रतापगढ़।
17– अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम / रानीगंज / लालगंज / कुण्डा, प्रतापगढ़।
18– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0 / यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
19– सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, प्रतापगढ़।
20– समस्त खण्ड विकास अधिकारी, प्रतापगढ़।
21– सहायक विकास अधिकारी (तकनीकी), पंचायतीराज, प्रतापगढ़।
22– जिला समन्वयक, जिला परियोजना निगरानी इकाई, प्रतापगढ़।
23– डी0पी0एम0, मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 (टी0पी0आई0ए0–कन्स्ट्रक्शन एवं ओ0एण्ड एम0), प्रतापगढ़।
24– श्री सोमेश शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जे0एम0सी0–एल0सी0ई0सी0पी0एल0 (जेवी), 06 तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हयात होटल के सामने सान्ताक्रूज (ईस्ट) मुम्बई।
25– श्री नागराजू सनापला, प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स पॉवर मेक प्रोजेक्ट–भुरथनम कान्स्ट्रक्शन (जेवी), प्लाट नं0– 77, जुबली इन्क्लेव, हाईटेक ऑकेड, मधापुर, हैदराबाद।
26– श्री आलोक दूबे, प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट लि0, अहमदाबाद, गुजरात।

**जिलाधिकारी / अध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**प्रतापगढ़।**